आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–05 जनवरी 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश सरकार ने यूपी पुलिस और पीएसी कांस्टेबल भर्ती के आवेदकों के लिए अधिकतम आयु सीमा में तीन साल की छूट देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि आरक्षी नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती–दो हजार पचीस के तहत निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में सभी वर्गों के अभ्यर्थियों के लिए तीन वर्ष का शिथिलीकरण प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सीधी भर्ती–दो हजार पचीस के तहत कुल बत्तीस हजार छः सौ उन्नयासी पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने वाले सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों को एक बार आयु में छूट दी जाएगी।

****

भारत ने चीन को पीछे छोड़ते हुए विश्व का सबसे बड़ा धान उत्पादक देश बनने का गौरव हासिल किया है। केन्द्रीय कृषि मंत्री शिव राज सिंह चौहान ने कल नई दिल्ली में यह घोषणा की।

चावल के उत्पादन में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। हम नंबर वन बन गए। इस साल हमारा उत्पादन 150.18 मिलियन टन और चीन का 145.28 मिलियन टन। ये चीन को पीछे छोड़ना, एक असाधारण उपलब्धि है। हमारी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करके, हमने अन्न के भंडार भर दिए हैं।

श्री चौहान ने कहा कि अधिक उपज वाली फसलों के विकास में देश को बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ये नई प्रजातियां जल्दी से जल्दी किसानों तक पहुंचे। कृषि मंत्री ने कहा कि इनसे किसानों को अधिक उपज और बेहतर गुणवत्ता की फसल प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

****

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया है कि अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ–साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को आधुनिक और सुदृढ़ बनाया जा रहा है। इसी क्रम में श्रीराम मंदिर अस्पताल को भी अपग्रेड किया जा रहा है, जिससे कि स्थानीय नागरिकों और दूर–दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके। उन्होंने बताया कि अयोध्या में तीन सौ बेड के सरकारी अस्पताल के निर्माण की योजना भी तेजी से आगे बढ़ाई जा रही है। उसका निर्माण कार्य अतिशीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि निजी क्षेत्र में भी स्वास्थ्य सवाओं के विस्तार की तैयारी है।

****

प्रदेश के सभी जिलों की तहसीलों में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी विभाग के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उसके समाधान का प्रयास किया। कुछ स्थानों पर समस्या समाधान के लिए जिलाधिकारी भी मौजूद रहें। लखनऊ के मोहनलालगंज तहसील में वहां के जिलाधिकारी विशाख ने समाधान दिवस के अवसर पर जनसुनवाई की। रायबरेली के लालगंज तहसील में जन सुनवाई के लिए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह मौजूद रहें। जौनपुर के मडियाहू में उप जिलाधिकारी नवीन कुमार ने लोगों की समस्याएं सुनीं।

****

वर्ष दो हजार पचीस देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण अध्याय साबित हुआ है। इस दौरान नीतियां प्रगति में और संकल्प प्रभाव में बदले हैं। विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में आज हम प्रस्तुत कर रहे हैं ऊर्जा क्षेत्र में पिछले वर्ष हुई प्रगति।

2025 में बिजली, परमाणु ऊर्जा, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन और रणनीतिक खनिजों से जुड़े लंबे समय से लम्बित सुधारों को जमीन पर लागू किया गया। 2025 में शांति विधेयक के पारित होने के साथ ही भारत के नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में दशकों से चली आ रही रुकावट समाप्त हुई। देश के बिजली क्षेत्र को मजबूत करने के लिए, बिजली संशोधन विधेयक–2025 लाया गया, जिसमें बिजली वितरण में प्रतिस्पर्धा नेटवर्क के आधुनिकरण और वित्तीय अनुशासन पर जोर दिया गया। नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में भी 2025 में भारत की वैश्विक नेतृत्व की भूमिका और मजबूत हुई। बड़े सौर पार्कों और पवन ऊर्जा परियोजनाओं से लेकर पी.एम. सूर्य घर योजना और किसानों के लिए पी.एम. कुसुम योजना तक स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार घरों, खेतों और उद्योगों तक पहुंचा। सौम्या शरण के साथ अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

****

योग गुरु परमहंस योगानंद की एक सौ तैंतीसवीं जयंती पर आज गोरखपुर में प्रभात फेरी निकाली गई। इस अवसर पर गोरखपुर शहर में स्थित उनकी जन्मस्थली पर एक पुष्पांजलि कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

****

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में कड़ाके की ठंड पड़ने का सिलसिल जारी है। कई स्थानों पर कोहरे के चलते दृश्यता कम रिकॉर्ड हुई। इसका सड़क, रेल और हवाई यातायात पर प्रतिकूल असर पड़ा है। ट्रेनें विलंब से चल रही है और हवाई जहाज की उड़ान प्रभावित हुई हैं। उधर, मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में सात जनवरी तक कुछ स्थानों पर घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा। विभाग ने अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट का पूर्वानुमान जताया है। ठंड और कोहरे के कारण प्रदेश के कई जिलों में स्कूलों में अवकाश की अवधि बढ़ा दी गयी है।

****